सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-345, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 24 जून, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# प्लीज

## न तोड़ें सीजफायर: ट्रंप



मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि इजराइल और ईरान के बीच सीजफायर अब से 6 घंटे बाद लागू होगा। पहले 12 घंटे के लिए ईरान हथियार डालेगा। फिर अगले 12 घंटे के लिए इजराइल हमला नहीं करेगा और जंग आधिकारिक रूप से खत्म हो जाएगी।

डोनाल्ड ट्रंप

## सुबह ईरान ने सीजफायर खारिज किया, अटैक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर की अपील

**वाशिंगटन/तेहरान/तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से सीजफायर को लेकर पोस्ट किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टुथ सोशल पर लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है। प्लीज इसे न तोड़ें। इससे पहले ट्रम्प ने आज सुबह 3 बजकर 30 मिनट पर सीजफायर का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि यह अगले 6 घंटे में लागू हो जाएगा।

**ईरान ने 6 बार इजराइल पर हमला किया**

ट्रम्प के सीजफायर के ऐलान के बाद से ईरान के विदेश मंत्री ने इसे खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि इजराइल के साथ अभी कोई अंतिम युद्धविराम समझौता नहीं हुआ है। अगर इजराइल, हमले रोक देता है, तो ईरान भी हमले नहीं करेगा। कुछ ही देर बाद ईरान ने इजराइल पर 6 बार बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक मिसाइल बीशेर्बा शहर में इमारत पर गिरी। मेडिकल टीम ने बताया कि हमले में 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं।

**ट्रम्प ने सीजफायर का दावा किया**

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार तड़के 3:30 बजे ईरान और इजराइल के बीच सीजफायर का दावा किया था। ट्रम्प के ऐलान से कुछ घंटे पहले ही ईरान ने कतर में अमेरिका के अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस पर 19 मिसाइलें दागीं थीं। हालांकि, इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ, क्योंकि ईरान ने हमले से पहले ही इसके बारे में अलर्ट जारी कर दिया था।




### आखिरी वार हमने किया: ईरान

ईरान और इजरायल युद्ध की एक नई तस्वीर सामने आई है। आज ही ट्रंप द्वारा दोनों देशों के बीच सीजफायर का दावा किया गया है। वहीं, अब ईरान की तरफ से एक नया पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में ईरान ने अपने आखिरी वार का दावा करते हुए इजरायल में हुई तबाही का मंजर दिखाया है। ईरान ने अपने पोस्टर में लिखा, 'आखिरी वार हमने किया...' ईरान ने इजरायल के बेशेर्बा शहर में हवाई हमले के बाद हुई तबाही के बाद खंडहर बनी एक इमारत की तस्वीर साझा की है।

**इजराइल ने सीजफायर पर सहमति जताई**

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने सीजफायर पर सहमति जता दी है। इजराइली पीएमओ मंगलवार को कहा कि इजराइली सेना ने ईरान में अपने सभी मकसद पूरे कर लिए हैं। पीएमओ ने बताया कि नेतन्याहू आज बाद में इस पर आधिकारिक बयान देंगे। इजराइल ने ईरान के एक और परमाणु वैज्ञानिक को मार दिया है।

## ईरान-इजराइल युद्ध के चलते देशभर में 60+ फ्लाइट कैंसिल



**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल युद्ध का असर भारत से मिडिल ईस्ट आने-जाने वाली फ्लाइट्स पर पड़ रहा है। बढ़ते तनाव और एयरस्पेस बंद होने से अब तक 60 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो गई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट की 48 फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। इनमें 28 फ्लाइट दिल्ली आने वाली और 20 दिल्ली से रवाना होने वाली थीं।

जयपुर एयरपोर्ट से 6 फ्लाइट्स रद्द हुई हैं। इनमें मिडिल ईस्ट आने-जाने वाली 3-3 उड़ानें शामिल हैं। लखनऊ एयरपोर्ट से अबूधाबी और शारजाह जाने वाली 2 फ्लाइट को यूएई-कतर एयरस्पेस बंद होने से कैंसिल किया गया है। अहमदाबाद एयरपोर्ट आने वाले 5 फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। इनमें लंदन, अबू धाबी, दुबई, कुवैत और दोहा से आने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं। वहीं अमृतसर एयरपोर्ट से दुबई जाने वाली फ्लाइट भी रद्द हुई है। दरअसल, सोमवार रात को ईरान ने अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों का बदला लेने के लिए कतर में अमेरिका के अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस पर 6 मिसाइलें दागी। इसके बाद कतर, बहरीन, यूएई, इराक और कुवैत ने अपना एयरस्पेस अस्थायी रूप से बंद कर दिया।

**इजराइल से 160 भारतीयों को ला रही फ्लाइट कुवैत डायवर्ट**

इजराइल से रविवार को 160 भारतीयों को लेकर जॉर्डन पहुंचा विमान नई दिल्ली लौटते वक्त कुवैत डायवर्ट कर दिया गया, क्योंकि ईरान के अमेरिकी ठिकानों पर किए गए हमलों की वजह से एयरस्पेस बंद हैं।

## देश में पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 शुरू



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को 13वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर भारत और विदेश के पासपोर्ट अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी) के अगले चरण और देशव्यापी ई-पासपोर्ट सेवाओं की शुरूआत की घोषणा की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 13वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर भारत और विदेश में सभी पासपोर्ट अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मार्गदर्शन में आपके सराहनीय प्रयास यात्रा को आसान बनाने, वैश्विक कार्यस्थल तक पहुंच को गहरा करने और नागरिकों को सशक्त बनाने में सहायक हैं। पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 और ई-पासपोर्ट की शुरूआत के साथ विदेश मंत्रालय हमारी पासपोर्ट सेवाओं की समयबद्धता, पारदर्शिता और पहुंच को पहले बेहतर बेहतर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है।'



# चोटी काटी...सिर मुड़वाया, नाक रगड़वाई

## ब्राह्मण न होने पर भगवताचार्य को पीटा, 5 घंटे बंधक बनाया

**इटावा।** जिले से शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। ब्राह्मण न होने की जानकारी पर महेवा के दांदरपुर गांव में शनिवार रात ग्रामीणों ने भगवताचार्य मुकट मणी (मुक्त सिंह) व उनके सहयोगियों को पीटा। ग्रामीणों ने भगवताचार्य का सिर मुड़वाकर चोटी काट दी। नाक रगड़वाकर, गांव के लोगों के पैर छुआकर माफी मंगवाई। बाइक की हवा निकालकर दोबारा पंप से हवा भरवाई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खलबली मच गई।




शनिवार को दांदरपुर गांव में ग्रामीणों ने श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया था। इसमें भगवताचार्य मुकट मणी (मुक्त सिंह) निवासी गांव थाना सिविल लाइन को व्यास के रूप में बुलाया गया था। इनके साथ दो अन्य सहयोगी संत सिंह यादव निवासी कानपुर देहात और श्याम सिंह कठेरिया निवासी अछल्दा आए थे।

सुबह कलश यात्रा होने के बाद देर शाम पाठ समाप्त हो गया। इस बीच ही गांव में भगवताचार्य ब्राह्मण न होने की चर्चा शुरू हो गई। जानकारी होने पर गांव के लोग आक्रोशित हो उठे। इसके बाद तीनों के साथ बर्बरता की गई। मुकट मणी ने आरोप लगाया कि उनसे 25 हजार रुपये, एक चेन और अंगूठी लूट ली।

**सपा सांसद और नेताओं के साथ एसपी से मिले**

पीड़ित मुकट मणी सोमवार को सपा सांसद जितेंद्र दोहरे, भरथना विधायक राघवेंद्र गौतम, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य के साथ एसएसपी से मिलने पहुंचे। एसएसपी के आदेश पर अतुल डीलर, पप्पू बाबा के साथ ही 50 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

**चोटी काटने वाले गिरफ्तार**

चोटी काटने वाले निक्की अवस्थी (30), उत्तम अवस्थी (18), आशीष तिवारी (21), प्रथम दुबे उर्फ मनु दुबे (24) निवासी गांव दांदरपुर को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी पहलुओं पर जांच कराई जा रही है। सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**भगवताचार्य के पास दो आधार कार्ड, दोनों में नाम और पता अलग**

अभद्रता के शिकार हुए भगवताचार्य के पास दो अलग-अलग आधार कार्ड मिले हैं। एक आधार कार्ड पर मुकट मणी अग्निहोत्री लिखा हुआ है। इसमें पता ब्लॉक चौराहा, महेवा रोड अछल्दा औरैया लिखा है। एसएसपी से मिलने पहुंचे मुकट मणी ने अपना एक और आधार कार्ड पत्रकारों को दिखाया।

इसमें उसका नाम मुक्त सिंह निवासी गांव नग्ला मोतीराम, पोस्ट निवाड़ीकलां, कुशगंवा अहिरन इटावा लिखा हुआ है। पुलिस की जांच में भगवताचार्य का असली पता शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के जवाहरपुर का निकला है। इस पते का किसी भी आधार कार्ड में जिक्र नहीं है। दोनों आधार कार्ड पर एक ही नंबर है। भगवताचार्य ने आरोप लगाया है कि बचाव के लिए आरोपी ग्रामीणों ने उनका एक फर्जी आधार कार्ड बनवाकर पुलिस को सौंप दिया है, जबकि गांव के लोगों ने बताया कि पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने आधार कार्ड दिए थे। ग्रामीणों ने बताया कि बाबा लगातार भ्रमित करने के लिए खुद को मथुरा और वृंदावन का बताता था। खुद को इसने ब्राह्मण भी बताया था, लेकिन शनिवार को कथा में आए इसके गांव के ही एक ग्रामीण ने यादव होने की जानकारी दी थी।

## अखिलेश बोले, तीन दिन में कड़ी कार्रवाई न हुई तो आंदोलन



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर ट्वीट में कहा कि इटावा के बकेवर इलाके के दांदरपुर गांव में भागवत कथा के दौरान कथावाचक और उनके सहायकों की जाति पूछी गई। पीडीए की एक जाति बताने पर, कुछ वर्चस्ववादी और प्रभुत्ववादी लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए बाल कटवाए। हमारा संविधान जातिगत भेदभाव की अनुमति नहीं देता है। सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो। अगर आगामी तीन दिनों में कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन का आह्वान कर देंगे। पीडीए के मान से बढ़कर कुछ नहीं।

## यमुनोत्री पैदल मार्ग पर रेस्क्यू ऑपरेशन हुआ शुरू

**देहरादून।** यमुनोत्री धाम के पैदल पर मार्ग पर सोमवार को पहाड़ी से हुए भूस्खलन के बाद आज सुबह फिर से खोज बचाव अभियान शुरू किया गया है। सोमवार को नौकैंची के समीप मलबा बोल्डर आने से कई लोग उसमें दब गए थे। सोमवार देर शाम तक एक 12 वर्षीय किशोरी समेत दो शव निकाल दिए गए थे, वहीं एक घायल को उपचार के लिए भेजा गया था। एक से दो और लोगों के दबे होने की आशंका है। रात करीब नौ बजे तेज बारिश होने के कारण रेस्क्यू अभियान रोक दिया गया था।

जानकारी के अनुसार, जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौकैंची के पास अचानक बोल्डर और मलबा गिर गया था। उस दौरान पैदल मार्ग पर जा रहे करीब चार से पांच लोग बोल्डर के साथ खाई में जा गिरे। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस मौके पर पहुंची। मलबे और बोल्डर के नीचे दबे मुंबई निवासी रशिक को बाहर निकालकर उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी भेजा। मलबे में दबने वालों की पहचान हो गई है।

## दिल्ली से श्रीनगर जा रहा एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान वापस लौटा, जम्मू में नहीं हुई लैंडिंग

**नई दिल्ली।** जम्मू जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आइएक्स 2564 जम्मू पहुंचने के बाद वहां लैंड नहीं कर पाई। विमान आसमान में चक्कर काटने के वापस दिल्ली आ गया। जम्मू एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि एयरपोर्ट पर लैंडिंग से जुड़ी प्रक्रिया में कोई दिक्कत नहीं थी, ऐसे में पायलट ने विमान को दिल्ली ले जाने का फैसला क्यों किया, यह समझ से परे है। उधर एअर इंडिया एक्सप्रेस ने जीपीएस सिग्नल से जुड़े कारण को इसके लिए जिम्मेदार बताया है।



उड़ान संख्या आइएक्स 2564 सोमवार को नई दिल्ली से निर्धारित समय से 24 मिनट की देरी से 11.04 बजे उड़ान भरी। उड़ान के समय सबकुछ ठीक था। विमान ने तय समय पर जम्मू के वायु क्षेत्र में प्रवेश भी किया, लेकिन एकाएक विमान के पायलट को जीपीएस सिग्नल से जुड़ी कुछ समस्या महसूस हुई। इसके बाद पायलट ने वहां लैंडिंग के बजाय दिल्ली लौटने का फैसला किया।

पायलट ने बाद में इस निर्णय से नई दिल्ली एटीसी को अवगत कराया, जिसके बाद उड़ान वापस जम्मू से नई दिल्ली की दूरी तय कर आईजीआई एयरपोर्ट पर लैंडिंग की। लैंडिंग पूरी तरह सुरक्षित रही। एअर इंडिया एक्सप्रेस का कहना है कि नई दिल्ली में लैंडिंग के बाद इसमें सवार यात्रियों के लिए वैकल्पिक उड़ान का प्रबंध किया गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस का यह भी कहना है कि कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में जीपीएस सिग्नल से जुड़ी समस्या आती है।

## भारत ने सिंधु नदी का जल रोका तो पाकिस्तान युद्ध करेगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से कभी बाज नहीं आता। उसके नेता भी खोखली बयानबाजी करके अपना चरित्र उजागर करते रहते हैं। ताजा मामला ये है कि पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने सोमवार को फिर भारत के खिलाफ गीदड़भभकी दी है। बिलावल भुट्टो ने कहा, 'अगर भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत इस्लामाबाद को पानी का उचित हिस्सा देने से इनकार कर दिया तो पाकिस्तान युद्ध की ओर बढ़ेगा।' दरअसल पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 के सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया था।

भारत के इस कदम से पाकिस्तान में हड़कंप मच गया था। ऐसे में गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले हफ्ते ही इस ऐतिहासिक समझौते को कभी बहाल न करने की घोषणा की थी। अमित शाह की इस टिप्पणी से पाकिस्तान तिलमिला उठा था। वहीं अब बिलावल की यह टिप्पणी पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा शाह की अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के प्रति की आलोचना के 2 दिन बाद सामने आई है। बिलावल भुट्टो ने पाकिस्तान की संसद में दिए भाषण में कहा, 'भारत के पास दो विकल्प हैं: या तो वह पानी को समान रूप से साझा करे, या फिर हम सभी छह नदियों से पानी अपने यहां पहुंचाएंगे।' बिलावल ने कहा कि सिंधु जल संधि अभी भी प्रचलन में है, क्योंकि समझौते को स्थगित नहीं रखा जा सकता।

## पाकिस्तान के लिए 24 जुलाई तक बंद रहेगा भारत का एयर स्पेस

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान को बड़ा झटका देते हुए सोमवार को एक बड़ा ऐलान किया। भारत ने पाकिस्तान की एयरलाइन कंपनियों द्वारा ऑपरेट की जाने वाली फ्लाइटों के लिए एयर स्पेस को बंद रखने की अवधि को एक महीने के लिए बढ़ाकर 24 जुलाई तक कर दिया है। बताते चलें कि भारतीय एयर स्पेस 30 अप्रैल से ही पाकिस्तानी एयरलाइन कंपनियों और ऑपरेटर द्वारा संचालित, या उनके स्वामित्व वाले या उनके द्वारा पट्टे पर लिए गए प्लेन, जिनमें मिलिट्री फ्लाइट्स भी शामिल हैं, के लिए बंद है। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई तरह के सख्त प्रतिबंध लगाए गए थे और एयर स्पेस को बंद करना भी उन्हीं फैसलों में से एक था।



भारत द्वारा पाकिस्तानी विमानों के लिए बंद किए गए एयर स्पेस को सबसे पहले 24 मई को ही खोला जाना था, लेकिन इसे एक महीने के लिए बढ़ाकर 24 जून कर दिया गया था। सोमवार को एक नया एनओटीएएम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया गया, जिसमें इस पाबंदी को एक महीने और बढ़ाकर 24 जुलाई, 2025 तक कर दिया गया है। एनओटीएएम के अनुसार, भारतीय एयर स्पेस पाकिस्तान में रजिस्टर्ड प्लेन, पाकिस्तानी एयरलाइन कंपनियों और ऑपरेटरों द्वारा ऑपरेट किए जाने वाले प्लेन, पाकिस्तानी कंपनियों के स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए प्लेन, मिलिट्री प्लेन के लिए उपलब्ध नहीं होगा।

भारत के इस फैसले से बौखलाए पाकिस्तान ने भी भारतीय विमानों के लिए अपने एयर स्पेस को बंद करने की अवधि को एक महीने के लिए बढ़ा दिया है। पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना एयर स्पेस इस्तेमाल करने की पाबंदी को बढ़ाकर अब 24 जुलाई कर दिया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। जिसके बाद पाकिस्तान ने 24 अप्रैल को भारत के लिए अपने एयर स्पेस पर 24 मई तक प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, भारत के फैसलों को देखते हुए पाकिस्तान भी इस पाबंदी को 1-1 महीने की अवधि के लिए बढ़ाता जा रहा है।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# जिंदा जल गए दो युवक

## बिजली के पोल में बाइक टकराते ही लगी भीषण आग





एनएनआई

**मथुरा।** सोमवार देर रात पौने एक बजे तेज रफ्तार बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। बाइक में देखते ही देखते भीषण आग लग गई। बाइक सवार दोनों युवक की जलकर मृत्यु हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों शव की तलाशी ली, लेकिन जेब में रखे पर्स व कागजात भी जलने से पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों शव को मोर्चरी में रखवाया है।

मांट थाना प्रभारी जसबीर सिंह ने बताया कि सोमवार देर रात पौने एक बजे अलीगढ़ के फतेलीबास गोरई निवासी आजाद ने सूचना दी कि एक अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति तेज रफ्तार में होने के कारण हाथी बाबा आश्रम मांट के पास एक बिजली के पोल से टकरा गए। टक्कर से पोल टूट गया। बाइक में आग लग गई। आग से दोनों युवक झुलस गए है। टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अग्निशमन को बुला कर आग पर काबू पाया। बाइक सवार के युवक की मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी। दूसरे को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की जेब में रखे कागजात भी जल गए है। बाइक पर रजिस्ट्रेशन व चेसिस नंबर भी नहीं है। इससे युवकों की पहचान नहीं हो पाई है। शव मोर्चरी में रखवाया है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मथुरा-बरेली हाईवे पर हादसा, पति-पत्नी की मौत



एनएनआई

**मथुरा।** मथुरा-बरेली हाईवे पर एक दुखद सड़क हादसे में एक दंपति की मौत हो गई। मथुरा के कस्बा महावन की नई बस्ती के रहने वाले गिर्राज सिंह (52) और उनकी पत्नी मिथलेश (50) बाइक से अपनी साली के घर हाथरस के गांव डेगरा जा रहे थे।

सोमवार को अलीगढ़ के इगलास थाना क्षेत्र के गांव मनीपुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैवलर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मिथलेश की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल गिर्राज को पहले हाथरस जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आगरा रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इगलास कोतवाली प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि दंपति के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रैवलर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। प्रार्थना पत्र मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। गिर्राज सिंह एक किसान थे और खेती से अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके तीन बेटे सुनील, अनिल, अजय और एक बेटी राधा हैं। पोस्टमार्टम के बाद जब दोनों के शव महावन लाए गए तो सैकड़ों लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इस दुखद घटना से पूरा परिवार और गांव शोक में डूबा हुआ है।

# कार से बाइक टकराने पर हुई जमकर मारपीट



एनएनआई

**टूंडला।** फिरोजाबाद हाईवे पर सोमवार दोपहर एक कार से बाइक टकरा गई। इस पर कार व बाइक सवार आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस बीच लोगों ने वीडियो बना लिया तथा सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

घटना दोपहर एक बजे करीब है। फिरोजाबाद हाईवे स्थित पितोश्री मैरिज होम के पास एक कार में पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इसके साथ ही बाइक सवार नीचे गिर गया। जब कार सवारों ने टक्कर मारने पर विरोध जताया तो बाइक सवार उसे गाली-गलौज करने लगा। इतना ही नहीं उसके साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं उसने कार का शीशा भी तोड़ने का प्रयास किया।

इसके बाद कार सवार ने उसे सड़क पर गिराकर जमकर पीटा। लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया। उसके बाद कार सवार वहां से चले गए। बताया जा रहा है कि बाइक सवार नशे में था। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने कहना है कि मामले में उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है। तहरीर आने पर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# हाथरस से झांसी स्पेशल ट्रेन आज से

**हाथरस** एनएनआई। आज से लालकुआं से वीरांगना लक्ष्मी बाई स्टेशन झांसी के लिए स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया जाएगा। इस ट्रेन की पहली यात्रा के लिए हाथरस से झांसी के लिए सभी श्रेणियों में आरक्षण खाली हैं, लेकिन वापसी की यात्रा में झांसी से हाथरस के लिए शयनयान में वेटिंग शुरू हो गई है। वातानुकूलित श्रेणी में आरक्षण मिल रहे हैं। हाथरस से झांसी जाने के लिए एक स्पेशल ट्रेन का संचालन आज से शुरू कर दिया गया है। इसके बारे में लोगों को अधिक जानकारी न होने की वजह से आसानी से आरक्षण मिल रहे हैं। ट्रेन नंबर 04181 व 04182 का दोनों ओर से हाथरस सिटी स्टेशन पर ठहराव है। इस ट्रैक से ग्वालियर के लिए एक मात्र अन्य ट्रेन का संचालन हो रहा था, जिसमें बर्थ को लेकर काफी दिक्कत है। ऐसे में अब स्पेशल ट्रेन के संचालन से यात्रियों को काफी आराम होगा। वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर का कहना है ट्रेन में अगर भीड़ सही रहती है तो इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है।



Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया
आगरा समाचार

# जिसे समझती रही मां वो निकली शैतान



**नौ साल की मासूम से कराया जा रहा था देह व्यापार**
**जयपुर से खरीदकर लाई गई थी मासूम बालिका**
**पुलिस ने कथित मां को किया गिरफ्तार, अन्य तलाश**

एनएनआई

आगरा। सदर थाना क्षेत्र में नौ वर्षीय बालिका से देह व्यापार कराया जा रहा था। विरोध करने पर पीटा जाता और सिगरेट से दागा जाता था।

महिला के चंगुल से भागकर बालिका ने एक राहगीर से मदद मांगी। मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने केस दर्ज कर कथित मां गीता और अन्य दो को गिरफ्तार किया है।

मामला मानव तस्करी गिरोह से जुड़ा होने के कारण एसीपी सदर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। न्यू सीता नगर निवासी अजय सिंह भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिलाध्यक्ष हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह शाम को किसी काम से ग्वालियर मार्ग पर गए थे। तभी एक बालिका उनके पास रोते हुए आई। हाथ जोड़कर पैरों में गिर गई।

यह देखकर वह घबरा गए। बालिका को उठाया। चुप करने के बाद रोने का कारण पूछा। वह मदद की कहने लगी। बालिका के शरीर पर चोटों के निशान थे। बालिका को पानी पिलाने के बाद पूछताछ की। उसने बताया कि मेरी मां मारपीट करती है। गलत काम कराती है। यह सुनकर वो सन्न रह गए। वह बालिका को थाना सदर ले गए। जहां से उन्हें चौकी बुंदू कटरा भेज दिया गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। एसीपी सदर हेमंत कुमार भी पहुंच गए।

अजय सिंह की तहरीर पर देह व्यापार निवारण अधिनियम, पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें (कथित मां) गीता, मोहित, दिलीप कुमार, शोहिल को नामजद किया गया है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि बालिका से पूछताछ के बाद सदर स्थित खत्ता कॉलोनी निवासी गीता को गिरफ्तार किया गया। उसने पूछताछ में बताया कि वह दो साल पहले शालू व कुनाल से बालिका को 60 हजार रुपये में खरीदकर लाई थी। उसे अपने घर में रख लिया। उससे देह व्यापार कराती थी। पुलिस अब उसके साथियों की तलाश कर रही है। मोहित, दिलीप कुमार और शोहिल ने भी बालिका के साथ गलत काम किया था।

**गीता ने कर रखी है तीन शादी**

पुलिस की जांच में सामने आया कि गीता ने तीन शादी की है। वह वर्तमान में तीसरे पति मानिक चंद के साथ रहती है। उनके तीन बच्चे हैं। उसकी एक बेटी विवाहित है। बालिका से पहली बार गीता के बेटे अमित ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपी की बेटी से पूछताछ की। उसने बताया कि मां रुपयों के लालच में यह सब करा सकती है।

**माता-पिता का नहीं पता**

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि नौ वर्षीय बालिका को राजस्थान से खरीदकर आगरा लाया गया है। उसके माता-पिता कौन हैं? यह पता नहीं चला है। बालिका भी कोई जानकारी नहीं दे पा रही है। वह तब सात साल की थी। उसकी खरीद-फरोख्त कर दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने बालिका से बातचीत की। उसने यही बताया कि उसके घर में बड़ा सा गेट है। अब पुलिस बालिका की मदद से उसके घर के पते और माता-पिता के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## जयपुर के महेंद्र ने बालिका को बेचा

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि महिला गीता बालिका को 2 साल पहले खरीदकर लाई थी। सदर क्षेत्र निवासी शालू और कुनाल ने उसे बेचा था। दोनों बालिका को जयपुर के महेंद्र से खरीदकर लाए थे। मामला मानव तस्करी का लग रहा है। इसको देखते हुए एक टीम को महेंद्र और अन्य की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है। वह कहां रहता है? क्या करता है? उसने अपना गिरोह तो नहीं बना रखा है? इस सबकी जानकारी उसकी गिरफ्तारी के बाद ही हो सकेगी।

## कुकर्म का आरोपी मुठभेड़ में अरेस्ट

एनएनआई

**आगरा।** जगदीशपुरा क्षेत्र में एक नाबालिग बालक से कुकर्म के आरोपी बबलू को पुलिस ने 48 घंटे के अंदर मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल हालत में आरोपी को उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

पुलिस के अनुसार बबलू पुत्र बांकेलाल निवासी दरगाह वाली गली, शांति सिनेमा के सामने जगदीशपुरा को पुलिस ने बिचपुरी रोड के पास मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। एसीपी हरीपर्वत विनायक भोंसले ने बताया कि पुलिस को इनपुट मिला कि आरोपी आगरा से बाहर भागने की फिराक में है। सघन चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसे घेरा, तो आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। चेतावनी के बावजूद वह नहीं रुका तो पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। गोली उसके पैर में लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इस मामले में पीड़ित बालक की मां ने थाना जगदीशपुरा में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस सक्रिय हुई और मात्र 48 घंटे में आरोपी को धर दबोचा।

# भूत-प्रेत का साया बता महिला को किया अधमरा

**▶▶ बेटी को झाड़-फूंक के नाम पर ससुराल से ले गया था पिता**
**▶▶ अधमरी हालत में ससुराल में छोड़ गया, अस्पताल में भर्ती**

एनएनआई

**आगरा।** डौकी थाना क्षेत्र के कौलारा कलां के बरकुला गांव में एक महिला को भूत-प्रेत का साया बताकर उसका ही पिता अपने साथी के ससुराल से रात में ले गया और दूसरे दिन सुबह लहूलुहान हालत में ससुराल में छोड़ गया। महिला को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। माना जा रहा है कि भूत-प्रेत के इलाज के नाम पर तांत्रिक ने महिला को बुरी तरह पीटा है, जिससे वह अधमरी हो गई।

गांव बरकुला डौकी निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र बनवारी लाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 21 जून की रात उनके समधी ओमप्रकाश पहुंचे। कहा कि उनकी बेटी ईश्वरी देवी पर भूत-प्रेत का साया है। उसे झाड़-फूंक के लिए ले जाना है। राजेंद्र सिंह ने यह कहते हुए साफ मना कर दिया कि वे इस तरह की बातों पर विश्वास नहीं करते। इसलिए पुत्रवधु को नहीं भेजेंगे।

राजेंद्र सिंह के अनुसार, उनकी मर्जी के बिना ही ओमप्रकाश रात में ही पुत्रवधु को चुपचाप ले गए। उन्हें इसका आभास भी नहीं हुआ। 22 जून की सुबह घर के बाहर चीख-पुकार मची तो बाहर आए। देखा पुत्र वधू ईश्वर देवी खून से लथपथ बेहोश पड़ी थी। उसके मुंह, पीठ और शरीर के कई हिस्सों पर गहरे नीले चोटों के निशान थे। नाजुक हालत में परिजन तत्काल ईश्वर देवी को रामतेज सुराना अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे भर्ती कर लिया। फिलहाल इलाज जारी है।

राजेंद्र सिंह को जब यह पता चला कि पुत्रवधु के पिता ओमप्रकाश और उनका साथी ही उनके मना करने के बाद भी ईश्वर देवी को अपने साथ ले गए थे तो वे थाना डौकी पहुंचे। राजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि इन सभी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की जाए कि आखिर उस रात उनकी पुत्रवधु के साथ क्या हुआ। उन्होंने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना डौकी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# ठगी की शिकार महिला को नहीं मिल रहा न्याय

**▶▶ सिकंदरा थाने के चक्कर काट कर हुई परेशान**
**▶▶ अपर पुलिस आयुक्त के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा**

**आगरा** एनएनआई। प्लॉट के नाम पर ठगी का शिकार हुई महिला रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर काट-काटकर परेशान हो गई। अपर पुलिस आयुक्त के आदेश पर महिला का सिकंदरा थाने में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। महिला का आरोप है कि थाने के कई चक्कर लगाए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

महिला ने सिकंदरा पुलिस पर आरोप लगाया है कि वह आरोपियों को पूर्व में भी संरक्षण देती रही है। पीड़िता पुष्पा ने अपर पुलिस आयुक्त को शिकायती पत्र दिया था जिसमें उसने कहा था कि बाई का बाजार लीक के सामने एक प्लॉट की रजिस्ट्री दीवान सिंह, प्रीतम शर्मा और नजाकत से कराई थी। जब प्लॉट पर मकान बनाने के लिए गई तो पता चला कि उक्त लोगों ने पहले से ही धोखाधड़ी करके 16 फरवरी 2022 को किसी सखी नाम की महिला को प्लॉट की रजिस्ट्री कर रखी है। उसे फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कर दी गई। जब वह उनके पास पैसे वापस मांगने गई तो जान से मारने की धमकी और जाति सूचक शब्द बोले गए। महिला का कहना है कि उन्होंने थाने में भी शिकायत की थी, लेकिन वहां पर कई चक्कर लगवाए गए। कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोपियों की सिकंदरा थाने में अच्छी घुसपैठ है। जब मामला अपर पुलिस आयुक्त तक पहुंचा तो मुकदमा दर्ज तो किया गया है, लेकिन आरोपी आज भी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पीतम शर्मा पहले भी कई लोगों को प्लाट व जमीन के नाम पर ठग चुका है। उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी लगातार उसे व उसके पति को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।



## नाले में मिला अज्ञात शव, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**आगरा।** एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के बीएसए फैक्ट्री के पास मंगलवार सुबह एक युवक का शव नाले में उल्टा पड़ा हुआ था। सुबह अपनी दुकान खोलने पहुँचे दुकानदार ने शव को नाले में उल्टा पड़ा देखा। सूचना पर रामबाग चौकी इंचार्ज मोहित मलिक मौके ओर पहुँचे। स्थानीय लोगो की मदद से पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला और मोर्चरी भेज दिया। डिवीजन चौकी इंचार्ज ने बताया कि आशंका है रात्रि में नशे की हालत में यह व्यक्ति नाले में गिर गया हो। मृतक का मुंह उल्टा नाले में पड़ा हुआ था। शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

# मौसेरे भाई से निकाह के लिए युवती ने मरवा दिया आशिक

**आगरा** एनएनआई। ताजगंज में ऑटो चालक बिलाल की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। प्रेमिका ने अपने मौसेरे भाई फरमान और उसके दोस्त आमिर खान से उसकी हत्या कराई थी। वह बिलाल से प्रेम संबंध बिगड़ने पर मौसेरे भाई से निकाह करना चाहती थी। ताजगंज के जोनल पार्क स्थित एक प्लॉट में शुक्रवार रात को

बोदला निवासी ऑटो चालक 22 वर्षीय बिलाल का शव मिला था। हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस दो टीमें लगी थीं। पुलिस ने रविवार रात को सर्किट हाउस के पास से शहीद नगर निवासी आमिर खान को गिरफ्तार किया। इसमें सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को काफी मदद मिली। आरोपी की निशानदेही पर एक ब्लेड और छुरी बरामद की गई।

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि आरोपी आमिर की दोस्ती 10 साल से बागराजपुर इलाके के फरमान से है। दोनों पच्चीकारी का काम करते थे। पिछले काफी समय से आमिर चमरौली में पत्थर का काम कर रहा है। जबकि फरमान ने प्रतापपुरा पर कार डेकोरेशन का काम शुरू कर दिया।

डीसीपी ने बताया कि छह साल से फरमान के प्रेम संबंध अपनी मौसी की बेटी से चल रहे थे। 15 दिन पहले फरमान ने आमिर को बताया कि उसकी प्रेमिका के संबंध बिलाल से भी चल रहे थे, लेकिन अब वो बिलाल से संबंध खत्म करना चाहती है। उससे निकाह नहीं करना चाहती है। बिलाल उसे परेशान करता है। इस पर तीनों ने बिलाल को रास्ते से हटाने की साजिश रची।

दोनों ने बिलाल का मोबाइल नंबर लेकर उससे बातचीत शुरू की। उसे काम दिलाने के बहाने दोस्ती गांठ ली। 20 जून को साजिश के तहत आमिर और फरमान बिलाल को पार्टी करने के बहाने जोनल पार्क चौपाटी की तरफ ले गए। एक जगह पर शराब पार्टी की। बिलाल के नशे में होने पर उसके सिर में ईंट से प्रहार किया। बाद में पार्क के अंदर ले गए। छुरी और ब्लेड से उसके गले और हाथों की कलाई काटकर हत्या कर दी थी।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

## अपना आगरा

05

मंगलवार, 24 जून, 2025 www.nnindianews.com

# 1 जुलाई से जिलेभर में दस्तक और संचारी रोग नियंत्रण अभियान

## 27 जून तक सभी विभागों को देना होगा माइक्रो प्लान, जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शहरी व ग्रामीण) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आशा, एएनएम, हेल्थ सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी, नगर निगम व नगरीय निकायों के ईओ द्वारा बनाए गए माइक्रो प्लान 27 जून तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को अनिवार्य



रूप से उपलब्ध कराएं। सभी विभागीय गतिविधियां पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार ही संचालित हों। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई को जिले के सभी स्कूल-कॉलेजों में संचारी रोगों से बचाव को लेकर शपथ दिलाई जाए। यूनिसेफ व डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधियों को भी गतिविधियों की जानकारी देकर उन्हें योजना में सम्मिलित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह ने निर्देश दिए कि सीएचसी और पीएचसी पर चिकित्सकों के नाम और मोबाइल नंबर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किए जाएं। सीएमओ डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने निगरानी के लिए क्षेत्रवार टीमें गठित करने की बात कही। साप्ताहिक रिपोर्ट प्रत्येक सोमवार तथा अंतिम रिपोर्ट 5 अगस्त तक राज्य मुख्यालय भेजी जाएगी। बैठक में मानदेय छोड़ अन्य प्रस्तावों पर निर्णय के लिए आगामी सप्ताह में पुनः बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में डीपीएम कुलदीप भारद्वाज, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश गुप्ता, नगरीय टीकाकरण प्रभारी नितिन खन्ना, यूनिसेफ के अरविंद शर्मा, डब्ल्यूएचओ की डॉ. महिमा, सभी एमओआईसी और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# फतेहाबाद का नाम सिंदूरपुरम करने का प्रस्ताव

**बादशाही बाग का नाम बदलकर ब्रह्माबाग रखने पर भी चर्चा**

एनएनआई

**आगरा।** जिला पंचायत आगरा की बोर्ड बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए कई महत्त्वपूर्ण विकास प्रस्तावों पर विचार कर उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। अध्यक्षता कर रहीं डॉ. मंजू भदौरिया ने बताया कि अंत्योदय, गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए योजनाएं प्राथमिकता पर हैं। बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि फतेहाबाद नगर व विधानसभा का नाम 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रतीक स्वरूप सिंदूरपुरम किया जाए, जबकि गुलामी के प्रतीक बादशाही बाग का नाम बदलकर ब्रह्माबाग रखा जाए। इसके पीछे ऐतिहासिक सन्दर्भ सामूगढ़ की 1658 की लड़ाई से जुड़ा है। जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चिल्ड्रन पार्क और सभा स्थलों का निर्माण कराया जाएगा, जिनका नाम महारानी अहिल्याबाई, महर्षि परशुराम, राणा सांगा, छत्रपति महाराज, महाराजा सूरजमल, डॉ. भीमराव आंबेडकर, चन्द्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक, पृथ्वीराज चौहान, महाराजा अग्रसेन, निषादराज गुहा, स्वामी विवेकानन्द, महाराज मिहिर भोज, कर्पूरी ठाकुर, झलकारी बाई, लक्खीशाह बंजारा आदि विभूतियों के नाम पर रखा जाएगा। कुछ स्थानों पर उनकी मूर्तियां भी लगाई जाएंगी। बैठक में कई प्रमुख निर्णय लिये गये। अंत में डॉ. मंजू भदौरिया सहित सभी सदस्यों ने वार्ड-35 की दिवंगत सदस्य गुलाब देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में सीडीओ प्रतिभा सिंह, अपर मुख्य अधिकारी उमेश चंद्र, अभियंता देवेंद्र कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




# मृदंग-मंजीरे, पुष्प वर्षा संग निकली जगन्नाथ आमंत्रण यात्रा

एनएनआई

**आगरा।** श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के पूर्व इस्कॉन आगरा द्वारा भक्तिमय माहौल में आमंत्रण यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बल्केश्वर स्थित महालक्ष्मी मंदिर से प्रारंभ हुई और कमला नगर व आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण करती रही। मृदंग, मंजीरे और ढोलक की ताल पर हरे राम-हरे कृष्णा के संकीर्तन में झूमते श्रद्धालुओं पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। यात्रा का नेतृत्व इस्कॉन अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने किया। भक्तों ने नगरवासियों को 26 जून को होने वाले नयन उत्सव तथा 27 जून को श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव में सपरिवार सम्मिलित होने का आह्वान किया। नयन उत्सव में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा 15 दिन के अंतराल के बाद भक्तों को दर्शन देंगे। पूरे मार्ग में भक्ति-रस से ओतप्रोत श्रद्धालु कभी झूमते, तो कभी सिर झुकाकर प्रभु को प्रणाम करते नजर आए। कुछ राहगीर इस उत्सव में स्वतः ही सम्मिलित हो गए, तो कई प्रतिष्ठानों से श्रद्धापूर्वक शीश नवाते रहे। इस अवसर पर नितेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, नवीन सिंघल, संजय कुकरैजा, प्रदीप यादव, रमेश यादव, विपिन अग्रवाल, गोपीभव प्रभुजी, अनिल गुप्ता, राजीव मल्होत्रा, प्रदीप बंसल, सूरज, शाश्वत नंदलाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस्कॉन द्वारा अगली आमंत्रण यात्रा 24 जून को नूरी दरवाजा से निकाली जाएगी। यह यात्रा एसएन मेडिकल कॉलेज गेट, किनारी बाजार, चौबे जी का फाटक, जौहरी बाजार, दरेसी, छत्ता बाजार होते हुए बेलनगंज में विश्राम लेगी।



# नगर निगम में भविष्य निधि से अनधिकृत निकासी पर हड़कंप




- नगरायुक्त के निर्देश पर एफआईआर, महिला अनुचर निलंबित, तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम आगरा में कर्मचारियों की भविष्य निधि (पीएफ) खातों से विभागीय प्रक्रिया को दरकिनार कर सीधे धनराशि निकाले जाने का मामला सामने आया है। यह गंभीर वित्तीय अनियमितता नगर निगम परिसर स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा से जुड़ी है, जहां नगर निगम के कुछ कर्मियों और बैंक स्टाफ की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है।

नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल के निर्देश पर इस मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर महिला अनुचर अर्चना को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है, जिसमें मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी बृजेश कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार तिवारी और मुख्य नगर लेखा परीक्षक निर्विकार गोयल शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार, निगम का कंप्यूटर ऑपरेटर विशाल शर्मा जब बैंक गया तो उसने निकासी सूची देखी जो सामान्यतः उसके माध्यम से ही अधिकारियों तक जाती थी। इस पर संदेह जताते हुए उसने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद जांच शुरू हुई।

जांच में सामने आया कि अप्रैल 2005 से पहले नियुक्त लगभग 750 कर्मचारियों के पीएफ खातों से बिना वैध अनुमोदन के धन निकाला जा रहा था। संबंधित अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर निकासी की जा रही थी। कुछ कर्मचारी सुविधा शुल्क के जरिए इस प्रक्रिया का अनुचित लाभ भी उठा रहे थे।



नगर आयुक्त ने कहा, 'कर्मचारी ने भले ही अपने खाते से पैसा निकाला हो, लेकिन प्रक्रिया का उल्लंघन हुआ है। यह गंभीर वित्तीय अनियमितता है। जांच चल रही है, दोषी नहीं बचेंगे।' बैंक प्रबंधन को भी पत्र भेजा गया है।

# स्वरोजगार योजनाएं रफ्तार पर, निवेश प्रोत्साहन को नई दिशा

**मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न**

एनएनआई



**आगरा।** मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार सृजन योजना और सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। वर्ष 2024-25 में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि दर्ज की गई, जबकि 2025-26 में अब तक 9600 लक्षित आवेदनों में से 1699 स्वीकृत किए जा चुके हैं। आगरा में सर्वाधिक 722 आवेदन स्वीकृत हुए हैं। मंडल में अब तक 1034 एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं, जिनमें से 501 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हैं। मंडलायुक्त ने सभी एमओयू की श्रेणीवार सूची बनाने और संबंधित उद्यमियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। सिकंदरा यूपीएसआईडीसी क्षेत्र में जलनिकासी की समस्या, नुनिहाई में पुलिया तक नाले की स्थिति, और फाउंड्री नगर में पार्क विकास पर विशेष चर्चा हुई। संजय प्लेस में अवैध पार्किंग वसूली और फतेहाबाद रोड पर जाम की समस्या पर नगर निगम व प्राधिकरण को समाधान के निर्देश दिए गए। बोदला-बिचपुरी रोड पर अतिक्रमण हटाने, नाले की सफाई, विद्युत पोल की लाइट दुरुस्त करने व बंदरों के आतंक से निजात के निर्देश भी दिए गए। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को जल्द निस्तारित करने और सफाई व्यवस्था में सुधार पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# योग प्रणाम शिविर संपन्न
## प्रतिभागियों को मिला प्रमाणपत्र

एनएनआई



**आगरा।** हैम्स इंस्टीट्यूट द्वारा संचालित 15 दिवसीय प्रमाणपत्र योग विज्ञान टीचर ट्रेनिंग कैंप का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। समापन सत्र में योगगुरु डॉ. मदनप्रतापसिंह राजपुरोहित ने प्रतिभागियों को योग अभ्यास, प्राणायाम और ध्यान की वैज्ञानिक विधियों की बारीक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित विद्यार्थी अब अन्य जिज्ञासुओं को योग का मार्ग दिखाकर समाज में स्वास्थ्य सेवा का योगदान दें। मुख्य अतिथि मनीष अग्रवाल (तिरुपति) ने योग को आज की आवश्यकता बताया और बांसुरी वादन के माध्यम से ध्यान सत्र भी कराया। विशिष्ट अतिथि पार्षद श्री निरंजन सिंह कैंन ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चतुर्भुज तिवारी ने की, जिन्होंने योग के अपने अनुभव साझा किए। डॉ. राजपुरोहित ने बताया कि कई प्रतिभागियों ने 5 से 22 किलो तक वजन कम किया। चयनित 10 सर्वश्रेष्ठ योगियों में डॉ. विशाल सक्सेना (प्रथम) और दुर्गेश कुमार (द्वितीय) सहित पांच प्रतिभागी इसी शिविर से रहे। उन्हें डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। दुर्गेश कुमार (सदस्य, सुगना फाउंडेशन) ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। आर.डी. शोकवाल ने अल्पाहार की व्यवस्था की गई। विनोद कुमार, मंजू शर्मा, मोहन शर्मा, अनुपमा चतुर्वेदी, रामप्रकाश आर्य, एसपीसिंह राजपुरोहित, योगाचार्य सवाईसिंह, रेखा राजपुरोहित समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# सड़क और नाले के मुद्दे पर कांग्रेस उतरी सड़कों पर, डीएम से मिला आश्वासन

**रोहता-दिगनेर मार्ग चौड़ीकरण व नाला निर्माण को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन**




एनएनआई

**आगरा।** रोहता-दिगनेर मार्ग के चौड़ीकरण और नगला माकरौल-इटौरा पर नाला निर्माण की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर जोरदार नारेबाजी की और जन समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि रोहता-दिगनेर मार्ग को 200 सीसी तक चौड़ा किया जाएगा। वहीं नाले के निर्माण के लिए शासन से वित्तीय स्वीकृति की मांग भेजी गई है, जो जल्द ही प्राप्त होने की उम्मीद है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार ने कहा कि यह जनहित का मुद्दा है और जब तक समाधान नहीं होगा, कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी। उन्होंने विशेष रूप से प्रदर्शन में भाग लेने वाली महिलाओं का आभार जताया। इस अवसर पर आगरा कोऑर्डिनेटर अदनान खान, शहर अध्यक्ष अमित सिंह, अनिल शर्मा, अनुज शिवहरे, चौधरी सचिन यादव, विराज गहराना, ताहिर हुसैन, अश्विनी जैन, राजेश त्यागी, बशीर उल हक रॉकी, अदनान कुरैशी, अजहर वारसी, हेमंत चाहर, सत्येंद्र दुबे, गौरव शर्मा, राजीव गुप्ता, लता कुमारी, गीता सिंह, रतन शर्मा, अश्वनी बिट्टू, अरसल अहमद, संतोष चौधरी, बंटी रंगरेज समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# माधुर्य संस्था ने मनाया योग एवं संगीत उत्सव, साहित्यिक विभूतियों ने किया काव्य-पाठ

एनएनआई

**आगरा।** माधुर्य साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा योग एवं संगीत दिवस के अवसर पर संस्था कार्यालय में एक भावपूर्ण काव्य-संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग और संगीत के महत्व पर विचार रखते हुए देश-विदेश में ख्याति प्राप्त साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से वातावरण को भाव-विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि केंद्रीय हिंदी संस्थान के प्रो. उमापति दीक्षित ने शिव तांडव स्तोत्र का पाठ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनकी ओजस्वी प्रस्तुति ने श्रोताओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। अध्यक्षता कर रहे डॉ. जयसिंह नीरद ने अपने प्रसिद्ध गीत "सबसे पर ढोता जीवन शव...' से भावुकता भर दी। डॉ. राघवेंद्र शर्मा की गजल, महेश शर्मा गोपाली की माधव भक्ति, डॉ. राजीव शर्मा निस्पृह की ब्रज रचना और डॉ. शशि गुप्ता का शिव-संगीत सभी को विशेष रूप से सराहा गया। डॉ. गुंजन ने योग-संगीत की आधुनिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, जबकि सुधा वर्मा वियोग-वेदना की अनुभूति कराती कविता के लिए सराही गईं। संचालन करते हुए संस्थाध्यक्ष ने 'अखंड तू निनाद कर...' से शक्ति का आह्वान किया। डॉ. सुषमा सिंह ने प्रकृति विषयक रचना सुनाई। अंत में संरक्षक आदर्श नंदन गुप्त ने सभी का आभार प्रकट किया।



# आगरा मंडल बनेगा देश का नया झींगा उत्पादन हब: डॉ. संजय निषाद

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने सुरसदन में आयोजित मंडलीय मत्स्य पालक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगरा मंडल के आगरा और मथुरा जनपदों में खारे पानी की उपलब्धता के कारण मत्स्य पालन, विशेषकर खारे पानी के झींगा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि अब तक खारे पानी के झींगा का उत्पादन मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में होता था, लेकिन अब वही उत्पादन आगरा और मथुरा में भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पहले उत्तर प्रदेश को देश के अन्य राज्यों से मछली आयात करनी पड़ती थी, लेकिन उत्तर प्रदेश में मत्स्य विभाग के स्वतंत्र रूप से कार्य करने के बाद विगत दो वर्षों में इनलैंड फिशरीज (अंतर्देशीय मत्स्य पालन) के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर पहुँच गया है। उन्होंने आगरा मंडल के मत्स्य पालकों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार मत्स्य पालन के क्षेत्र में आगरा मंडल को विशेष महत्व देगी तथा मछुआ समुदाय के उत्थान के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।



## श्री बांके बिहारी कॉरिडोर: श्रद्धालुओं के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा स्पष्ट है। श्री बांके बिहारी जी के प्रत्येक श्रद्धालु को सुलभ, सुरक्षित और व्यवस्थित दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो। सरकार का प्रयास है कि किसी भी श्रद्धालु को दर्शन के लिए परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने अपने शासनकाल में पुलिस लाइन, थानों और चौकियों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन पर रोक लगवाई थी, वे आज श्री बांके बिहारी कॉरिडोर पर बोलने का नैतिक अधिकार खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कभी जन्माष्टमी मनाने से डरते थे, वे न तो यादव समाज के सच्चे हितैषी हो सकते हैं और न ही श्री बांके बिहारी जी के करोड़ों भक्तों के प्रति उनकी सोच ईमानदार हो सकती है।

## सपा के तीन बागी विधायकों को मिली 'आजादी की सांस'

मंत्री संजय निषाद ने समाजवादी पार्टी द्वारा तीन बागी विधायकों को निष्कासित किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने जो निर्णय लिया है, उससे आज उन तीन विधायकों को सच में आजादी की सांस मिली है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के अंदर कुछ ऐसे सलाहकार हैं, जो पार्टी को डुबोने का काम कर रहे हैं। अगर पार्टी से सात विधायकों ने बगावत की थी तो फिर केवल तीन को ही क्यों निकाला गया? क्या समाजवादी पार्टी में कानून और नियम सबके लिए एक समान नहीं हैं? यह चयनात्मक कार्रवाई समाजवादी पार्टी की तानाशाही और खोखली नीतियों को उजागर करती है। उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी के विधायकों ने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर राज्यसभा चुनाव में मतदान किया था। अंतरात्मा की आवाज पर किसी प्रकार की रोक संभव नहीं है। लोकतंत्र में हर जनप्रतिनिधि को यह अधिकार है कि वह अपने विवेक और समाजहित में निर्णय ले।

# महिलाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में उतरी सपा, कार्रवाई की मांग



## मंडलायुक्त, पुलिस कमिश्नर और टोरंट के जीएस से की मुलाकात, पुलिस के खिलाफ कार्रवाई की मांग

एनएनआई

**आगरा।** पूर्व जिला अध्यक्ष एवं निर्वतमान प्रदेश सचिव रामसहाय यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी प्रतिनिधि मंडल ने आगरा ग्रामीण विधानसभा के गांव मदरा में ग्रामीणों महिलाओ पर हुए लाठीचार्ज पर आक्रोश जताया है और इसको लेकर प्रतिनिधि ने मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार और टोरंट पावर के जीएम से मिलकर ग्रामीणों पर हुए लाठीचार्ज उत्पीड़न को अवगत कराया। उन्होंने पुलिस द्वारा निर्दोष लोगों के खिलाफ की जा रही है कार्रवाई को रोकने की मांग की।

मंडलायुक्त कमिश्नर शैलेंद्र कुमार सिंह ने पूरा भरोसा दिलाया कि ग्रामीणों एवं किसानों पर हुए लाठी चार्ज को लेकर टोरंट पावर के अधिकारियों के खिलाफ जांच के आदेश दिए और पूरा भरोसा दिलाया कि ग्रामीणों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा जो भी इसमें दोषी है उसके साथ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वहीं टोरंट पॉवर के जीएम ने भी प्रतिनिधि मंडल को भी पूरा भरोसा दिया कि किसानों और ग्रामीणों पर हुए लाठी चार्ज को लेकर जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा कार्यवाही की जायेगी।

निर्वतमान प्रदेश सचिव रामसहाय यादव ने कहा कि इस घटना को लेकर प्रदेश कार्यालय एवं राष्ट्रीय शीर्ष नेतृत्व को अवगत करा दिया गया है। अगर किसानों और ग्रामीणों पर हुए लाठी चार्ज को लेकर न्याय नहीं मिलता है तो समाजवादी पार्टी सड़कों पर उतरने का काम करेगी। टोरंट पावर का घेराव करेगी समाजवादी पार्टी किसानो के साथ खड़ी है।

इस दौरान नितिन कोहली, राकेश धनगर, कादिर कुरैशी, रिजवान प्रिंसउद्दीन, पवन प्रजापति, ठाकुर मानवेंद्र सिंह,उदय वीर प्रधान, महाराज सिंह प्रधान, किसान नेता वीरेंद्र, मनोज गुप्ता,यदुवीर यादव, नरेंद्र फौजी, कमलेश यादव,इमरान कुरैशी, मनीष जाटव, सोनेलाल कश्यप, आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## कांग्रेसियों ने राज बब्बर का जन्मदिन मनाया

**आगरा एनएनआई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद राज बब्बर का जन्म दिन घटिया आजम खां स्थित हरियाली वाटिका के सभागार में उनके प्रशंसकों व कांग्रेसजनों द्वारा केक काट कर मनाया गया। सभी ने राजबब्बर के दीर्घ जीवन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। इस अवसर पर समीर चतुर्वेदी, भारत भूषण गप्पी, राम टंडन, नवीन चंद्र शर्मा, शिरोमणि सिंह, महावीर वर्मा, अशोक शर्मा, राम मोहन सूद, विनय गौतम, अजय थापर, रवि कपूर आदि रहे।

## मुन्नी देवी के नेत्रदान से दो जिंदगियां होंगी रोशन

**आगरा एनएनआई।** बी 75, प्रताप नगर निवासी 75 वर्षीय श्रीमती मुन्नी देवी अग्रवाल के नेत्रदान किये जाने से दो नेत्रहीनों के जीवन को रोशनी प्रदान होगी। इनका निधन हो जाने पर उनके पुत्र दीपक अग्रवाल ने हेल्प आगरा के पीआरओ जगबीर सिंह से नेत्रदान के लिये संपर्क किया। परिवारीजनों की इच्छानुसार उनके द्वारा ऑफिस को दिये गये निर्देश पर एसएन हॉस्पीटल के नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ स्निगधा सैन एवं आई बैंक प्रभारी डॉ. सेफाली मजुमदार के निर्देशन में गीफ काउन्सलर दीपक शर्मा व उनकी टीम द्वारा नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी कराई गई। महामंत्री ने मृत्योपरान्त नेत्रदान अवश्य करने की अपील करते हुए नेत्रदान के लिए 9319111000 पर सम्पर्क करने का निवेदन किया है।



# भाजपाइयों ने किया पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी को याद

एनएनआई

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में जे पी सभागार खंदारी में जनसंघ के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अडिग संकल्प एक देश में एक विधान, एक प्रधान और एक निशान राष्ट्र की सबसे बड़ी जरूरत पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य वक्ता प्रदीप चौहान, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, पूर्व सांसद प्रभुदयाल कठेरिया, पूर्व महापौर इंद्रजीत आर्य, शिवशंकर शर्मा, मनीष गौतम, नवल तिवारी, मनोज राजोरा आदि ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि श्यामा प्रसाद के 72वें बलिदान दिवस पर आज हम सभी देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले भारत माता के वीर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को संगोष्ठी में एक दूसरे को बताने आए है।



प्रदीप चौहान ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंने धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थिति में उनकी मृत्यु हो गई। जेल में हुई उनकी मृत्यु ने पूरे देश को शोकमय और दुखी कर हिलाकर रख दिया था। उनका कश्मीर के लिए दिया नारा नहीं चलेगा एक देश में दो विधान,दो प्रधान,दो निशान 6 दशकों के इंतजार के बाद पूरा हुआ है। कार्यक्रम में वीरेंद्र अग्रवाल, नवल तिवारी, मनीष गौतम, विजय भदौरिया, मनोज राजोरा, नीरज गुप्ता, रोहित कत्याल, अभिषेक गुप्ता, महेश शर्मा, राहुल सागर, मनमोहन कुशवाह, नवीन गौतम, वीरेंद्र श्रीवास्तव, विपुल मित्तल, शैलू पंडित, हिमांशु ठाकुर, नरेंद्र सिकरवार, राहुल जैन, मनीष अवस्थी, राजेश प्रजापति, देवेश पचोरी, आदेश सिंघल, गजेंद्र वर्मा, सर्वेश बघेल, कौशल चौहान, मनीष अग्रवाल, गोपाल शर्मा, रश्मि धाकड़, उपमा गुप्ता, निशि शर्मा, सिंधु गुप्ता, सीमा सिंघल, रेखा गुप्ता, विजय लक्ष्मी गुप्ता, माधुरी माहौर, अंजू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# किसान के घर बड़ी चोरी

## नकदी समेत लाखों के सोने-चांदी के जेवरात पार

एनएनआई

**आगरा।** थाना कागारौल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बानपुर में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक किसान के घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में रखी अलमारी तोड़कर नकदी और कीमती जेवरात लेकर फरार हो गए, जिससे ग्रामीणों में चिंता का माहौल है।

पीड़ित प्रवीन पुत्र जगदीश ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य रात में घर के अंदर सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़ा और उसमें रखे लगभग ?35,000 नकद, सोने की तीन चैन, पांच अंगूठियां, एक जोड़ी सोने की झुमकी, चार सोने की



चूड़ियां, चांदी की कूदनी, और कुछ अन्य चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना की जानकारी सुबह होते ही हुई, जिसके बाद पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही करीब एक घंटे के भीतर थाना कागारौल पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच पड़ताल की।

थाना प्रभारी ने बताया, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम भेजी गई थी। पीड़ित द्वारा अब तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर प्राप्त होते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की गश्त और कार्रवाई में गंभीरता की कमी देखी जा रही है। लोगों ने प्रशासन से सख्त कदम उठाने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# एक्टिवा और बाइक में भिड़ंत, दो बाइक सवार घायल

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** सोमवार दोपहर कस्बे मै गुलिस्ता टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स के सामने एक्टिवा और बाइक मैं आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने घायलों को उपचार हेतु सीएचसी भेजा। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलो को आगरा रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार एक्टिवा सवार अनिल कुमार अपने पिता ओमप्रकाश व भाई रोहित के साथ भरतपुर से दवा लेकर लौट रहे थे। इसी दरमियान गुलिस्ता टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक एक्टिवा से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार बंटू पुत्र नरेश निवासी दूरा व दीपक पुत्र दिनेश निवासी देवनारी घायल हो



गए। जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी भेजा। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को आगरा रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बंटू की हालत गंभीर बताई गई है।



## बेमन लिंक मार्ग जर्जर, ग्रामीण परेशान

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। सीकरी कागारौल मार्ग से बेमन लिंक मार्ग सड़क लगभग 5 वर्षों से बदहाल स्थिति में पड़ी है । गांव तक जाने के लिए ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बता दें कि सड़क में इतने गहरे गड्ढे हैं कि राहगीरो का उक्त मार्ग से गुजरना जोखिम भरा एवं जानलेवा साबित हो रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी ना तो लोक निर्माण विभाग और नहीं जनप्रतिनिधियों ने बदहाल सड़क का हाल जानना मुनासिब समझा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने अखंड भारत परशुराम सेना के साथ मिलकर जन आंदोलन करने की चेतावनी दी है। यदि 10 दिन के अंदर शासन प्रशासन ने उक्त समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जायगा।

# दिन दहाड़े दुकान से 18 हजार रुपए चोरी

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** सोमवार को शाहकुली पर स्टेट बैंक के सामने स्थित कोल्ड ड्रिंक एजेंसी के गल्ले से अठारह हजार रुपए निकाल कर बदमाश भाग गए। वृद्ध व्यवसायी चिल्लाते रह गए।

बता दे शाहकुली मार्ग पर स्टेट बैंक के सामने अनिल कुमार बंसल की बंसल ट्रेडर्स के नाम से कोल्ड ड्रिंक एजेंसी है। 11 बजे करीब वह दुकान पर बैठे हुए थे उसी दरमियान दो युवक उनके पास आए और ?500 का नोट देकर एक कोल्ड ड्रिंक खरीदी। रुपए वापस करने के दौरान उन्होंने जैसे ही गल्ला खोला तभी एक बदमाश उनके गले में रखे 18000 रुपए के नोटों की गड्डी को उठाकर बाइक पर बैठकर भाग निकले।

वृद्ध व्यवसायी चिल्लाते रह गए ।




कुछ लोगों ने पीछा भी किया मगर वह भाग निकले। घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने पर मौके पर प्रभारी निरीक्षक आनंद वीर सिंह मय पुलिस फोर्स के पहुंचे और बदमाशों को पकड़ने के लिए कांबिंग की तथा बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका है । पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरा की फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# लापता बच्ची की बरामदगी को लेकर दिया ज्ञापन


एनएनआई

**खेरागढ़।** थाना खेरागढ़ क्षेत्र के अंतर्गत नगला सबदल गांव से चार महीने पूर्व लापता हुई नाबालिग बच्ची की बरामदगी को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन नामक हिंदूवादी संगठन ने मंगलवार को आगरा पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने पूरे प्रकरण में एसीपी इमरान अहमद की संदिग्ध भूमिका पर सवाल उठाते हुए उनके खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

प्रकरण के अनुसार, 28 फरवरी 2025 को नगला सबदल निवासी एक नाबालिग लड़की को सरेंदी गांव निवासी युवक अमन उस्मानी कथित रूप से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। चार माह बीतने के बावजूद बच्ची की कोई तलाश नहीं हो सकी है। परिजनों का आरोप है कि थाने में तहरीर देने से लेकर एसीपी कार्यालय तक उन्होंने बार-बार न्याय की गुहार लगाई, लेकिन हर स्तर पर उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला।

पीड़ित परिवार ने बताया कि जब वे एसीपी इमरान अहमद के पास पहुंचे, तो उन्होंने शुरूआत से ही मामले को हल्के में लिया। तहरीर लेने में टालमटोल की गई, आरोपियों के नाम काटे गए, और जांच की खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। परिवार का स्पष्ट आरोप है कि एसीपी का रुख एकपक्षीय और धार्मिक पक्षपात से प्रेरित था। 15 जून को पीड़ित परिवार ने जनसंख्या समाधान फाउंडेशन से संपर्क साधा, जिसके बाद संगठन ने तत्काल गांव पहुंचकर परिवार से मुलाकात की और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मंगलवार को, संगठन के जिला अध्यक्ष सुदामा सिंह छौंकर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचा और पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए लिखित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन प्राप्त करने के बाद पुलिस कमिश्नर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी को विशेष जांच दल गठित कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही थानाध्यक्ष और अन्य संबंधित अधिकारियों पर भी आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई के संकेत दिए। इस अवसर पर सुदामा सिंह छौंकर (जिलाध्यक्ष), हर्ष शर्मा (उपाध्यक्ष), भूरा सोलंकी, सत्यवीर सोलंकी, सुरेश बाबू जी, अजय हिन्दुस्तानी, अनिल कुमार रट, लल्लू प्रधान, उदयवीर उपस्थित रहे।



# पुलिस कमिश्नर से मिले सपा नेता

**आगरा** एनएनआई। एत्मादपुर के गांव मदिरा में ग्रामीण और पुलिस के बीच टोरेंट के सन्दर्भ में जो झगड़ा हुआ था और ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई थी। इसको लेकर समाजवादी पार्टी के निवर्तमान प्रदेश सचिव राजपाल यादव, दक्षिण विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विनय अग्रवाल, एत्मादपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के आवास पर ग्रामीणों को लेकर मुलाकात की। पुलिस कमिश्नर के द्वारा आश्वासन दिया गया, पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करेगी और किसी को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कादिर कुरैशी, ग्रामीण भूरी सिंह रामनरेश श्यामवीर सिंह सौदान सिंह कश्मीर यादव शीलू बीटीसी आदि भी थे।

## शहीदी शताब्दी को समर्पित चिकित्सा शिविर 29 जून को

**आगरा** एनएनआई। पंजाबी विरासत की ओर से हिंद की चादर साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 साला शहीदी शताब्दी को समर्पित वृहद चिकित्सा शिविर गुरुद्वारा गुरु का ताल स्थित भाई नन्द लाल समागम हाल में पंकज पैथोलॉजी एवं उजाला सिग्निस रेनबो हॉस्पिटल के सहयोग से 29 जून दिन रविवार को सुबह 10 बजे से लगाया जाएगा।यह शिविर सर्व समाज के लिए लगाया जा रहा है। दिव्यांग चिकित्सीय परामर्श एवं उपकरण आगरा विकास मंच के माध्यम से निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। यह जानकारी पंजाबी विरासत के मीडिया समन्वयक भूपेश कालरा ने दी।

# 'युद्धविराम' या रणनीतिक पराजय

## ईरानी मिसाइल से डर गया वाशिंगटन, अमेरिका की बादशाहत पर सवाल



डॉ. अनिल दीक्षित



मध्य-पूर्व एक बार फिर इतिहास का केंद्र बिंदु है। ईरान और इजरायल के बीच ये सैन्य संघर्ष केवल दो देशों की भिड़ंत नहीं, बल्कि एक ऐसे वैश्विक शक्ति-संतुलन की कहानी बन गया, जिसमें परछाइयों में कई बड़ी ताकतें अपने पांव जमा रही थीं और कुछ की जमीन खिसक रही थी। इस संघर्ष के दौरान और उसके बाद जो कुछ घटा, उसने अमेरिका के 'सुपरपावर' होने के दावे को गंभीर प्रश्नों के घेरे में ला दिया है।

अमेरिका ने युद्धविराम की घोषणा अवश्य कर दी, लेकिन वास्तविकता यह रही कि ईरान ने न केवल उसे अस्वीकार किया, बल्कि घोषित युद्धविराम के बाद भी मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखे। और अपनी शर्त रखी कि जब तक इजरायल हमले बंद नहीं करेगा, वह कोई युद्ध विराम नहीं मानेगा। उसने कतर, इराक और सीरिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया और इजरायल के भीतर भी जवाबी कार्रवाई की। यह केवल सैन्य दुस्साहस नहीं, बल्कि एक स्पष्ट कूटनीतिक संदेश था- ईरान अब अमेरिका से डरेगा नहीं, और वाशिंगटन की चेतावनियों की उसके लिए कोई कीमत नहीं है। यह वही अमेरिका है जिसने दशकों तक खुद को विश्व का प्रहरी घोषित किया था, लेकिन इस बार वह केवल एक मौनदर्शक बनकर रह गया। जब उसके सहयोगी देशों की धरती पर ईरानी मिसाइलें गिरीं, तब वाशिंगटन हिचकिचाहट से भर गया। जवाबी कार्रवाई की जगह उसने युद्धविराम का सहारा लिया, लेकिन ईरान ने यह प्रस्ताव ठुकरा कर यह जता दिया कि वह अब कूटनीति की शर्तें पश्चिम के इशारे पर नहीं मानेगा। और घोषणा के बाद भी अड़ा है। यह परिदृश्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक निजी कूटनीतिक पराजय जैसा प्रतीत होता है। जिस आक्रामक पश्चिम-एशिया नीति और ईरान विरोधी रणनीति को ट्रंप प्रशासन ने वर्षों तक पोषित किया था, वही अब उलटती दिख रही है। भले ही भविष्य में ईरान इस युद्धविराम को औपचारिक रूप से स्वीकार कर ले, लेकिन राजनीतिक और कूटनीतिक धरातल पर ट्रंप और अमेरिका की किरकिरी पहले ही हो चुकी है।



ईरान की यह आक्रामकता केवल उसकी सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि उसकी रणनीतिक आत्मनिर्भरता का भी प्रदर्शन है। इसने यह भी स्पष्ट किया कि खाड़ी देश अब अमेरिका की शरणस्थली नहीं रहे। सऊदी अरब, कुवैत, यूएई और यहां तक कि कतर जैसे देशों की तटस्थता, और ईरान-सऊदी राजनयिक संबंधों की बहाली, चीन की मध्यस्थता से, इस बदलती ध्रुवीयता की गवाही देते हैं। इन देशों ने अब स्पष्ट संकेत दे दिया है कि क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अमेरिका अब अनिवार्य नहीं रहा इस पूरे घटनाक्रम में एक उल्लेखनीय मोड़ भारत की कूटनीतिक सक्रियता के रूप में भी देखा गया। प्रधानमंत्री मोदी और ईरानी राष्ट्रपति के बीच हुई गहन चर्चा ने यह स्पष्ट किया कि भारत अब केवल एक पर्यवेक्षक की भूमिका में नहीं, बल्कि पश्चिम एशिया में संतुलन और संवाद का वाहक बनना चाहता है। भारत की यह भूमिका न केवल शांति की पक्षधरता दर्शाती है, बल्कि वैश्विक कूटनीति में उसका बढ़ता कद भी प्रमाणित करती है।

इसके विपरीत, अमेरिका की चुप्पी, उसकी रणनीतिक शिथिलता और युद्धविराम की अस्वीकार्यता ने उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचाया है। सीजफायर की पटकथा उसके हाथ में थी, लेकिन क्रियान्वयन ईरान की शर्तों पर हुआ। यह केवल एक असफल सैन्य प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि अमेरिका की गिरती कूटनीतिक पकड़ का प्रतीक है। रूस और चीन इस शून्य को भरने में पूरी तरह तत्पर हैं। रूस पहले से ही सीरिया में मजबूत है, और चीन अपनी मध्यस्थता व आर्थिक निवेशों के बल पर खाड़ी में प्रभाव बढ़ा रहा है। ईरान की ओर इनका झुकाव और मध्यस्थता ने यह साबित कर दिया है कि अब शक्ति केवल हथियारों की नहीं, नीतियों और धैर्य की भी होती है, और इस मोर्चे पर वॉशिंगटन पिछड़ चुका है।

ईरान-इजरायल संघर्ष की यह संभावित समाप्ति केवल एक युद्धविराम नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन के पुनर्गठन की उद्घोषणा होगी। एक नया बहुध्रुवीय विश्व उभर रहा है, जिसमें भारत की भूमिका सक्रिय, रूस-चीन की निर्णायक, और अमेरिका की स्थिति—पूर्व गौरव की एक छाया मात्र रह गई है। अब भारत के लिए भी यह निर्णायक क्षण है। उसे तय करना होगा कि वह अमेरिका की नीति से संचालित होगा या अपनी स्वतंत्र और संतुलित कूटनीति को अपनाकर रूस, ईरान और खाड़ी देशों से नए समीकरण गढ़ेगा। यह इतिहास का एक ऐसा क्षण है, जहां एक वैश्विक ध्रुव झुक रहा है, और कई नए ध्रुव उभर रहे हैं। और हम चुप नहीं रह सकते। अमेरिका का पिछलग्गू साबित होते रहना हमारे भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं रहेगा।

**(लेखक शिक्षाविद हैं।)**

## संपादकीय

# अनबन के बीच हुआ जी-7

कनाडा के जी-7 की प्रमुख कहानी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़ कर वहां से चले जाना रहीऔर उसके बाद छह देशों के अनाथ हुए नेता उस एक मुद्दे पर भी कोई रणनीति नहीं बना सके, जिस पर सर्व-सहमति थी। ट्रंप पश्चिम एशिया की किसी आपात स्थिति के कारण अमेरिका नहीं लौटे। बल्कि इसकी वजह कनाडा में ग्रुप के सदस्य अन्य देशों के साथ उभरे उनके मतभेद थे। यूक्रेन, जी-7 देशों के अंदरूनी आर्थिक संकट, ट्रंप प्रशासन की ओर से छेड़े गए व्यापार युद्ध, जलवायु परिवर्तन आदि मसलों पर आपसी मतभेद के साफ संकेत भी वहां मिले। मतभेद का प्रमाण यह है कि शिखर सम्मेलन में परंपरा के अनुरूप कोई साझा विज्ञप्ति जारी नहीं हुई। इसके बदले एक लंबा बयान जारी हुआ, जिसमें प्रमुख मसलों पर सदस्य देशों के विचारों को शामिल किया गया। चीन के अनवरत उदय को रोकना जी-7 देशों और उनकी यूरोपियन कमीशन जैसी एजेंसियों की प्रमुख चिंता है, जो कनाडा में जाहिर हुई। मगर ट्रंप के टैरिफ वॉर की मार झेल रहे अमेरिका के सहयोगी देश फिलहाल चीन के खिलाफ कोई ठोस रणनीति अपनाने को लेकर अनिच्छुक रहे। दरअसल, खुद अमेरिका की कोई स्पष्ट चीन रणनीति इस शिखर सम्मेलन में जाहिर नहीं हुई। उलटे ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और कनाडा को ट्रंप ने अपने इस सार्वजनिक बयान से आहत कर दिया कि 2014 में अगर रूस को जी-8 से नहीं निकाला गया होता तो अभी जारी यूक्रेन युद्ध की शुरुआत ही नहीं हुई होती। तब रूस ने क्राइमिया को अपने में मिला लिया था, जिसके बाद पश्चिमी देशों ने उसे इस समूह से निकाल दिया था। ट्रंप ने उस फैसले को बहुत बड़ी गलती करार दिया।

जी-7 ग्रुप की सहमति का एक और बिंदु चीन को घेरना है। मगर ट्रंप के टैरिफ वॉर ने स्थिति यहां भी उलझा दी है। यूरोपीय देश, और यहां तक कि जापान भी, इन परिस्थितियों में चीन से खुला टकराव बढ़ाना नहीं चाहते। अमेरिकी बाजार में आई रुकावटों की भरपाई वे चीनी बाजार में पहुंच बना कर करना चाहते हैं। इसलिए भाषणों में तो चीन की चिंता छाई रही, मगर पर ठोस और दो-टूक बयान जारी नहीं हुआ। उलटे ट्रंप ने यह भी कह दिया कि अगर चीन इस समूह में शामिल हो, तो उन्हें कोई एतराज नहीं होगा। तो जाहिर है, सम्मेलन जी-7 की पहचान को ही भ्रामक बना गया है। जो समूह पिछले डेढ़ दशक से चीन को घेरने की रणनीति में जुटा हुआ है और खासकर इसके यूरोपीय सदस्यों की प्राथमिकता रूस को कमजोर करना है, उस समय ग्रुप लीडर के इन बयानों ने ना सिर्फ संगठन के भीतर मतभेदों को उजागर किया, बल्कि यह जी-7 में बढ़ती उद्देश्यहीनता एवं दिशा-भटकाव को भी जाहिर कर गया है। नतीजतन, उसका रूप लगातार आक्रामक होता गया है। फिर भी अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं हुआ। तो अब आपसी दरारें चौड़ी हो रही हैं।चूंकि दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने अपने अनुकूल खास तरह की विश्व व्यवस्था बनाई थी, जिसकी रक्षा के लिए उसने यूरोप और जापान, दक्षिण कोरिया आदि जैसे देशों की सुरक्षा का भार अपने ऊपर लिया था, इसलिए सैनिक शक्ति के प्रदर्शन का पूरा बोझ भी उसके ही कंधों पर आया है। इस स्थिति ने अमेरिकी जन मानस में सैन्य बल प्रदर्शन के खिलाफ तीव्र प्रतिक्रिया पैदा की है। ट्रंप ने अपने मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) आंदोलन के बैनर तले इस प्रतिक्रिया को एकजुट किया। इसी क्रम में उन्होंने अनावश्यक युद्धों से अमेरिका को बाहर रखने का वादा किया।अब सूरत यह है कि ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान चाहते हैं कि अमेरिका ईरान से लेकर रूस और चीन तक के खिलाफ लड़ाई का मोर्चा संभाले रखे, ताकि पश्चिम की साम्राज्यवादी धुरी बेदाग बची रहे। मगर मागा समर्थन आधार के दबाव में ट्रंप चाहते हैं कि इस धुरी की रक्षा की कीमत ये देश भी चुकाएं। इस पर सहमति ना बनना ट्रंप काल में जी-7 देशों में मतभेद और उनके बीच उभरते टकराव का प्रमुख कारण है।

ट्रंप और उनसे असहमत नेता इस हकीकत को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि पिछले 80 वर्षों के दौरान विकासशील दुनिया एक बड़ा हिस्सा नए सिरे से उठ खड़ा हुआ है। इस कहानी का प्रमुख पात्र चीन हैदुनिया की उत्पादन संबंधी प्रमुख औद्योगिक जरूरतों की आपूर्ति आज आम तौर पर ग्लोबल साउथ और खास तौर पर चीन कर रहा है। इससे विकासशील दुनिया अपने प्राकृतिक संसाधनों का भी बेहतर ढंग से अपने हित में इस्तेमाल कर रही है इस शक्ति का ताजा प्रमाण इजराइल में देखने को मिला है। जब इजराइल ने ईरान पर हमला किया, तो उसे शायद ही अंदाजा था कि ईरान से किस पैमाने का जवाब उसे मिलेगा। संकेत साफ है कि बंदूक की नली की दिशा अब एकतरफा नहीं रह गई है फिलहाल ईरान को रोकना या ईरान में तख्ता पलट उन सभी की प्राथमिकता है। और इसीलिए सातों देश ईरान विरोधी साझा बयान पर सहमत हुए हकीकत यह है कि सैन्य ताकत का संबंध भी अर्थव्यवस्था की जीवंतता, तकनीकी उन्नति और आर्थिक-सामाजिक खुशहाली से होता है। अगर मूलभूत समस्याएं बरकरार रहें, तो हथियार भी जंग खाने लगते हैं। चूंकि जी-7 देशों का नजरिया अपनी बुनियादी समस्याओं से नजर चुराने का है, इसलिए कहा जा सकता है कि विश्व शक्ति संतुलन की धुरी खिसकने की जो प्रक्रिया आगे बढ़ी है, उसकी दिशा पलटना उनके वश में नहीं रह गया है। इस जी-7 शिखर सम्मेलन ने एक बार फिर से यही जाहिर किया है।



# सिर्फ अपने लिए नाचती हूं-अंकिता लोखंडे

**अभिनेत्री अंकिता लोखंडे अपनी अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। यह उनका प्रोफेशन है। मगर, शौक भी बड़ी चीज है और बात अगर अंकिता के शौक की करें तो उनका मन डांस में रमता है। आज सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने डांस के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। साथ ही यह बताया कि इस मामले में माधुरी दीक्षित के शब्द उन पर जादू कर गए हैं। अंकिता लोखंडे ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक डांस वीडियो शेयर किया है। वे व्हाइट कलर के आउटफिट पहने मेरे नाम तू गाने पर डांस करती दिख रही हैं। इसके साथ अंकिता लोखंडे ने लिखा है, जन्म से ही नृत्य मेरी भाषा रही है। ब्रह्मांड से मिला एक उपहार। इसे सीखा नहीं गया, बल्कि महसूस किया गया। यह मेरी हर भावना को व्यक्त करने का तरीका है। अंकिता लोखंडे आगे लिखती हैं, जब से मैंने दिल तो पागल है देखी, माधुरी (दीक्षित) मैम के शब्द मेरे अंदर बस गए हैं। 'माया सिर्फ अपने लिए नाचती है' और मैंने इसे अपने अंदर गहराई से महसूस किया है। डांस मेरा सच है, मेरा जादू है। मैं माया हूं। सिर्फ अपने लिए नाचती हूं और यही मेरी खुशी है। उनके इस पोस्ट पर नेटिजन्स कमेंट कर उनके डांस की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, बहुत ही प्यारा और शानदार। एक अन्य यूजर ने लिखा है, लाजवाब परफॉर्मेंस। एक यूजर ने लिखा है, डांस तो आप वाकई अच्छा कर लेते हो। आपने पहले किसी रील में या टीवी पर यह हुनर क्यों नहीं दिखाया?अंकिता लोखंडे के वर्क फंट की बात करें तो वे संदीप सिंह के वेब शो आम्रपाली में नजर आएंगी। यह शो आम्रपाली पर आधारित है, जिसे वैशाली की नगर वधू बना दिया गया। इस सीरीज में आम्रपाली के शाही नगरवधू से बौद्ध नन बनने तक की यात्रा को पेश किया जाएगा। इस यात्रा में आम्रपाली को कैसा महसूस हुआ, वह अनुभव और भावनाएं दिखाई जाएंगी।**

# विवादों में फंसने से पहले काजोल ने दिखाई समझदारी



## रामोजी फिल्म सिटी बयान से मारी पलटी

हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी पर अपने बयान के बाद एक्ट्रेस काजोल की जमकर लोग आलोचना कर रहे हैं, जिसके बाद आखिरकार आज उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ दी है। विवाद बढ़ने के पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। साथ ही उनके बयान को गलत तरीके से पेश करने वाले हेटर्स को भी करारा जवाब दिया है। रामोजी फिल्म सिटी को उदाहरण के रूप में लोगों के सामने रखते हुए, उन्होंने कहा था, 'इसे दुनिया की सबसे डरावनी जगहों में से एक माना जाता है। हालांकि, मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे कुछ भी अलौकिक नहीं दिखा।' उनका यह बयान हैदराबाद के लोगों को पसंद नहीं आया, जिन्होंने उन पर शहर और स्टूडियो के नाम को कलंकित करने का आरोप लगाया। कई उपयोगकताओं ने उनके बयानों को 'निराधार' कहा और उन पर उस जगह का अनादर करने का आरोप लगाया जो लंबे समय से फिल्मी दुनिया का हिस्सा है।

## विवादित बयान पर काजोल ने तोड़ी चुप्पी

काजोल ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'मैं अपनी फिल्म मां के प्रचार के संदर्भ में रामोजी फिल्म सिटी के बारे में बात की थी। मैं अपनी उसी पिछली टिप्पणी के बारे में बात करना चाहती हूं। जिसके बारे में कुछ लोग झूठी अफवाहें भी फैला रहे हैं। मैंने रामोजी फिल्म सिटी में कई प्रोजेक्ट शूट किए हैं और पिछले कई सालों में कई बार वहां रुकी हूं। मुझे हमेशा से ही फिल्म निर्माण के लिए यह एक बहुत ही अच्छी जगह लगी है और मैंने बहुत से पर्यटकों को वहां देखा है। यह एक शानदार जगह है और परिवारों और बच्चों के लिए बिल्कुल सुरक्षित है।'

## काजोल की आने वाली फिल्में

काम की बात करें तो काजोल अपनी फिल्म 'मां' की रिलीज के लिए तैयार हैं जो एक सुपरनैचुरल थ्रिलर है। यह फिल्म 27 जून को सिल्वर स्क्रीन पर आने वाली है और इसकी टक्कर पैन-इंडिया फिल्म 'कन्नप्पा' से होगी। इसके अलावा, काजोल की झोली में 'सरजमीन' भी है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान उनके साथ हैं। यह फिल्म 2024 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अज्ञात कारणों से इसे टाल दिया गया है।

# दीपिका कोई नयी डिमांड नहीं कर रही




बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट से बाहर हो गईं। डायरेक्टर ने दावा किया कि एक्ट्रेस 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड कर रही थीं। इस मामले को लेकर काफी चर्चा हुई और कई स्टार्स ने दीपिका पादुकोण की डिमांड को सही ठहराया। अब डायरेक्टर सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने भी एक्ट्रेस का सपोर्ट किया है और कहा है कि पहले भी कई एक्ट्रेसेस ऐसा कर चुकी हैं। डायरेक्टर सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने पूरी फिल्म हिचकी 28 आठ घंटे की शिफ्ट में पूरी की। चाहे वो रानी (मुखर्जी) हों, बच्चे हों, कैमरामैन हों या स्पॉट बॉय, सभी ने उस समय में शूटिंग पूरी की। ऐसा कई सालों से होता आ रहा है। डायरेक्टर ने आगे बताया कि जब मैंने 2010 में काजोल के साथ शूटिंग की थी, तो वो आठ घंटे की शिफ्ट में काम करती थीं। उन्होंने साफ कर दिया था कि वो या तो सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक या सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक या रात में आठ घंटे की शिफ्ट में काम करेंगी। रानी ने भी यही किया। दीपिका कुछ नया नहीं मांग रही हैं। सिद्धार्थ ने आखिर में कहा कि अगर मुझे किसी एक्टर की जरूरत है और मुझे भरोसा है कि मैं उन काम के घंटों के भीतर फिल्म पूरी कर सकता हूं, तो मैं उनके साथ दिन में 6 घंटे भी काम करूंगा। ये सिर्फ एक्टर के बारे में नहीं है। लोग सिर्फ दीपिका पादुकोण के नाम पर पब्लिसिटी पा रहे हैं। वो परिवार के लिए समय मांग रही हैं, वो क्या गलत मांग रही हैं? सिद्धार्थ पी मल्होत्रा जुनैद खान स्टारर फिल्म महाराज और हिचकी जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा उन्होंने काफिर और वी आर फैमिली जैसी फिल्मों का भी डायरेक्शन कर चुके हैं।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर ख़बर पर पक्की नज़र


# रोमांचक हुआ लीड्स टेस्ट

## भारत को 10 विकेट, इंग्लैण्ड को 350 रन की जरूरत

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत की दूसरी पारी 364 रन पर ऑलआउट हुई थी और उसने कुल 370 रनों की बढ़त हासिल कर इंग्लैंड को 371 रनों का लक्ष्य दिया था। स्टंप्स तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 21 रन बना लिए हैं और उसे अब पांचवें और अंतिम दिन 350 रन और बनाने होंगे। दिन के खेल की समाप्ति तक जैक क्राउली 12 और बेन डकेट 9 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत को अगर इस मुकाबले में जीत हासिल करनी है तो उसे मंगलवार को इंग्लैंड के सभी 10 विकेट गिराने होंगे। भारत को जसप्रीत बुमराह से काफी आस रहेगी जिन्होंने पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं, इंग्लैंड को भी जीत हासिल करने के लिए तेजी से रन बनाने होंगे। हालांकि, उसके पास कल का पूरा दिन होगा।

भारत ने चौथे दिन दो विकेट पर 90 रन से आगे खेलना शुरू किया था, लेकिन टीम ने शुरूआत में ही कप्तान शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया था। इसके बाद पंत और राहुल ने शानदार बल्लेबाजी की और इंग्लैंड के गेंदबाजों को जमकर परेशान किया। टी ब्रेक से पहले भारत ने पंत का विकेट गंवाया जो 118 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद राहुल पारी को संभाल रहे, लेकिन वह भी 137 रन बनाकर आउट हो गए। राहुल के पवेलियन लौटती ही भारतीय बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करने लगे।

जोश टंग ने अपने एक ही ओवर में भारत को तीन झटके दिए। भारत ने अपने शेष छह विकेट 31 रन पर गंवा दिए।

### पंत ने राहुल ने जड़े शतक

भारत की दूसरी पारी 364 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने केएल राहुल और ऋषभ पंत के शतकों से 370 रनों की बढ़त हासिल की और इंग्लैंड के सामने 371 रनों का लक्ष्य रखा। भारत के लिए दूसरी पारी में पंत और राहुल ने चौथे विकेट के लिए 195 रनों की साझेदारी की जिससे टीम इंग्लैंड के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखने में सफल रही। हालांकि, पंत और राहुल के पवेलियन लौटने के बाद भारत की पारी लड़खड़ा गई और निचले क्रम के बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर सके।






# भारत के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का निधन

### 77 साल की आयु में लंदन में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली/लंदन। भारत के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का निधन हो गया। 1947 में जन्मे दोशी ने 77 साल की आयु में लंदन में अंतिम सांस ली।



उनके निधन से क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई। दोशी क्रिकेट करियर के बाद एक सफल हिंदी कॉमेंटेटर के तौर पर भी बेहद लोकप्रिय रहे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 898 विकेट झटकने वाले दोशी ने 238 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 43 बार पांच विकेट लिए। छह बार एक मैच में 10 विकेट झटके। उनके निधन पर सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने कहा कि वे अपने पीछे कौशल, प्रतिबद्धता, उत्कृष्टता की समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। हाल ही में दोशी को बीसीसीआई ने एक समारोह में सम्मानित भी किया था। वे इस महीने की शुरुआत में लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी शामिल हुए थे।

### लंदन में हुआ निधन

रिपोर्ट्स के मुताबिक बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज दोशी का निधन हृदय संबंधी बीमारियों के कारण हुआ। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक दोशी बीते कई वर्षों से लंदन में ही रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी कालिंदी, बेटा नयन और बेटी विशाखा हैं। बेटा नयन इंग्लैंड की काउंटी क्रिकेट- सरे और महाराष्ट्र के सौराष्ट्र से क्रिकेट खेल चुका है।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में लॉर्ड्स पर दिखे थे

उनके निधन पर सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने कहा कि वे अपने पीछे कौशल, प्रतिबद्धता, उत्कृष्टता की समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। हाल ही में दोशी को बीसीसीआई ने एक समारोह में सम्मानित भी किया था। वे इस महीने की शुरुआत में लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी शामिल हुए थे।

# भूवेश ने जीती कैरम प्रतियोगिता और चेयरमैन इलेवन व सेक्रेटरी इलेवन का फुटबॉल मैच रहा टाई

### 77वें सीए स्थापना दिवस पर खेल दिवस का किया आयोजन

**आगरा।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर अकाउंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा की ओर से 77वें सीए स्थापना दिवस के अवसर पर सीए माह के अंतर्गत सोमवार को खेल दिवस मनाया गया । जिसमे वॉलीबॉल, फुटबॉल, दौड़, चेस, कैरम, सुडोकू जैसे खेल की प्रतियोगिताओं में पेशेवर चार्टर्ड अकाउंटेंट ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल ने बताया कि खेल भावना के साथ सभी प्रोफेशनल सीए ने खेलों में प्रतिभाग किया। पालीवाल पार्क में आयोजित वॉलीबॉल में भूपेंद्र वारियर्स की टीम को 27-24 अंक से विपुल विक्टोरियस ने जीत दर्ज की। दयालबाग स्थित खेलगांव में आयोजित फुटबॉल मैच में चेयरमैन इलेवन और सेकट्री इलेवन के बीच हुआ मैच 2-2 अंक के आठ टाई हो गया। सचिव सीए अंकित मित्तल ने बताया कि सुडोकू में रीवा गोयल प्रथम और शमित शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। सीए भवन पर चेस में 12 मैच में सेमीफाइनल में जितेन्द्र पोपटानी, अंकुर अग्रवाल, अंकित अग्रवाल और रोहन जैन ने अपनी जगह बनायी। कैरम में 15 मैच में फाइनल मैच में भावेश सुथैल विजेता और रिहान खान उपविजेता बने। दौड़ में 50 मीटर बालक वर्ग में अमोख अग्रवाल प्रथम, राज्ञा सिंघल, द्वितीय रहे। 100 मीटर में अविरल मिश्रा व प्रभूत अग्रवाल प्रथम, अध्विक मिश्रा व अक्षत अग्रवाल द्वितीय रहे। 200 मीटर रिले रेस में गौरव सिंघल व रवि सिंघल प्रथम और पुनीत अग्रवाल व विवेक जैन द्वितीय रहे । 200 कपल रिले रेस में तुषार अग्रवाल व अस्मिता शर्मा प्रथम, आकाश जैन व यशी जैन द्वितीय रहे। फीमेल 100 मीटर रेस में साक्षी गुप्ता प्रथम और यशी जैन द्वितीय रही । 100 मीटर पुरुष वर्ष में रोहित दुआ प्रथम और अंकुर सिंघल द्वितीय रहे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष करन पंजवानी, सचिन बुबना, आयुष गोयल, साक्षी जैन, सौरभ नारायण सक्सेना, प्रार्थना जल्लान, गौरव मल्होत्रा, विश्वेंद्र शर्मा, निखिल गर्ग, प्रशांत शर्मा, आशीष गर्ग आदि मौजूद रहे।



# मंगलवार, 24 जून राशिफल

मेष राशि के लिए आज मंगलवार का दिन मंगल के पंचम भाव में होने से शुभ रहने वाला है। आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। आप जोश और उत्साह से आज भरपूर नजर आएंगे। आज का दिन आपकी सुख-समृद्धि में वृद्धि करने वाला रहेगा, भौतिक सुख साधन मिलने आज आपका मन प्रसन्न रहेगा।

वृषभ राशि के जातक आज कोई नया काम शुरू करेंगे तो उनको सफलता मिल सकती है। लेकिन शत्रुओं से आपको सतर्क रहना होगा। नए संपर्क सूत्रों का विकास होगा, कुछ नए लोगों के साथ मेलजोल बढ़ाने में आप सफल रहेंगे और परिवार में आपसी सहयोग बढेगा।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। विशेष रूप से दिन का दूसरा भाग आज अनुकूल रहेगा। आपको आज अनुभवी लोगों से सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में आज आपको संयमित होकर चलना होगा, कुछ पेंडिंग बिल और भुगतान करने होंगे।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल और लाभदायक होगा। आज आप अपने दोस्तों की मदद से किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता पाएंगे। अगर आपने अपना कोई राज छिपाकर रखा था तो वह आज लोगों के सामने उजागर हो सकता है।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज मंगलवार का दिन मिश्रित रहने वाला है। मंगल और केतु की युति से आपका मन आज विचलित होगा। जोखिम वाले काम से आपको आज बचने की जरूरत है। कार्यस्थल पर आप अपनी योजना और कार्यकुशलता का लाभ ले पाएंगे।

कन्या राशि के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा। धर्म अध्यात्म के मामले में आपकी रुचि बढेगी। आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। कार्यक्षेत्र में छोटे मुनाफे के चक्कर में किसी बड़े मुनाफे को हाथ से न जाने दें, इस बात का ध्यान रखें।

तुला राशि के जातकों को आज अपने काम के प्रति सजग रहने की जरूरत है। किसी वजह से आपका कोई महत्वपूर्ण काम अटक सकता है। आपके सितारे बताते हैं कि आपको आज अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। वैसे आज अचानक लाभ मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला रहेगा। आपको आज वैवाहिक जीवन में प्रेम और खुशी मिलेगी। आप अपने परिवार के लोगों के साथ आज मनोरंजक समय बिताएंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज कुछ अच्छे मौके मिलेंगे।

धनु राशि के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपको किसी से पैसा उधार या कर्ज लेने से बचना होगा, अन्यथा परेशानी हो सकती है। आप अपनी मेहनत और लगन से कार्यस्थल पर अपने वरिष्ठों को प्रसन्न करेंगे।

मकर राशि के लिए आज का दिन कामकाज के लिहाज से अच्छा है। आपको कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से सहयोग प्राप्त होगा। आपको अपनी कलात्मक क्षमता और अनुभव का आज लाभ मिलेगा। जो लोग घर से दूर रह रहे हैं उनको आज कुछ उलझन वाली सूचना मिल सकती है।

कुंभ राशि के लिए आज मंगलवार का दिन ग्रहों की शुभ स्थिति से अनुकूल रहने वाला है। आपके सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। नया घर या वाहन खरीदने की चाहत पूरी होगी। व्यापारिक मामलों पर आपको ध्यान देना होगा। आपको अपने ननिहाल पक्ष से आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

मीन राशि के लोगों के लिए आज मंगलवार का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको भाग्य के साथ परिश्रम का भी पूरा लाभ मिलेगा। आपको किसी धार्मिक आयोजन और शुभ काम में भी भाग लेने का मौका मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# आगरा बना फूड टेक्नोलॉजी और निर्यात नवाचार का हब

## फूड एक्सपो 2025 में जरीन खान ने किया उद्यमियों का सम्मान







एनएनआई

**आगरा।** भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से चैंबर ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन द्वारा आयोजित फूड एक्सपो एंड कॉन्क्लेव 2025 के दूसरे दिन जेपी पैलेस कन्वेंशन सेंटर में उद्योग, तकनीक और नवाचार का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में 100 से अधिक स्टॉल लगे और करीब 4000 व्यापारियों व उद्यमियों ने भागीदारी की।

दिनभर चले तकनीकी सत्रों में शीतगृह उद्योग, एमएसएमई पंजीकरण, फूड टेक्नोलॉजी और निर्यात संभावनाओं पर चर्चा हुई। उप्र लघु उद्योग निगम अध्यक्ष राकेश गर्ग ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज संचालकों को आलू तक सीमित न रहकर गाजर, मटर, मिर्च जैसे विविध भंडारण और प्रसंस्करण यूनिट की दिशा में बढ़ना चाहिए। सीएफटीआरआई मैसूर की वैज्ञानिक डॉ. खुशबू शर्मा और डॉ. विजयलक्ष्मी एस ने फूड टेक्नोलॉजी के नवीन आयामों पर बात करते हुए मिलेट्स, जैविक पैकेजिंग और सस्टेनेबल प्रोसेसिंग की जानकारी दी। एमएसएमई सह निदेशक सुशील यादव ने पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बताते हुए नवाचारियों को प्रोत्साहित किया।

एफआईईओ के आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय खाद्य उत्पादों की वैश्विक मांग बढ़ रही है, लेकिन निर्यात में अभी हिस्सेदारी मात्र दो प्रतिशत है, जिसमें अपार संभावनाएं हैं। शाम को रंगारंग कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री जरीन खान ने शिरकत कर उत्कृष्ट कार्य कर रहे उद्यमियों को फूड एक्सपो अवॉर्ड से सम्मानित किया। हेमंत अग्रवाल और मुकुंद अग्रवाल को आगरा लीजेंड अवॉर्ड से नवाजा गया।

प्रदर्शनी में हाथरस की हींग, आचार और बेकरी उत्पाद खास आकर्षण रहे। महिला उद्यमियों के उत्पादों ने विशेष ध्यान खींचा। ओरा फूड्स की गुरु रत्नम ने सब्जी पाउडर और अर्क उत्पाद लॉन्च किए, जबकि ऋतु बंसल के सोल फूड्स के आचार को खूब सराहा गया। तीसरे दिन उद्योग और पर्यावरण पर मंथन होगा। एमएसएमई मंत्रालय, एपीडा, डीजीएफटी, फीओ और यूपीएमआईसी के विशेषज्ञ निर्यात और सरकारी योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

आयुषी भारद्वाज ईएसजी और कार्बन न्यूट्रल विषय पर विशेष सत्र लेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में लघु उद्योग भारती, आगरा कोल्ड स्टोरेज ओनर्स एसोसिएशन, स्वीट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन और नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स का सहयोग रहा।

## श्री महालक्ष्मी मंदिर पर सजा फूल बंगला, अगस्त में होगा जन्माष्टमी महोत्सव



एनएनआई

**आगरा।** बल्केश्वर स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में श्री महालक्ष्मी भक्त मंडल द्वारा भव्य फूल बंगला सजाया गया और माता रानी को मोतियों से सुसज्जित आकर्षक पोशाक पहनाई गई। इसके उपरांत आयोजित दालबाटी सहभोज कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पदाधिकारियों ने प्रसादी ग्रहण कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष 17वां जन्माष्टमी महोत्सव 13 से 17 अगस्त तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। पांच दिवसीय इस आयोजन में छप्पन भोग, पोशाक यात्रा, श्याम रसोई, भजन संध्या और झांकियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सुंदर चित्रण किया जाएगा। इस दौरान 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए श्याम रसोई में भंडारे की व्यवस्था की जाएगी। ट्रस्टी राम कपूर ने जानकारी दी कि इस बार रासलीला का मंचन भी विशेष आकर्षण रहेगा। ब्रज लीलाओं पर आधारित मनोहारी झांकियां जन्माष्टमी उत्सव को दिव्य स्वरूप प्रदान करेंगी। सतीश कपूर और कपिल कपूर ने बताया कि आयोजन की भव्यता बढ़ाने के लिए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इस दौरान राम कपूर, सतीश कपूर, कपिल कपूर, संजय अग्रवाल, मनोज जैन, अशोक सिंघल, दिलीप बंसल, संजीव रतन, अजय अग्रवाल, सुशील गुप्ता, सुमित अग्रवाल, अंती गुप्ता, रोहित गोयल और राकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

Rashtra Deep
Restaurants
Fully Air Conditioned
A/C BANQUET HALL FOR :-
BIRTHDAY KITTY PARTIES &
FAMILY FANCTIONS




NH-2, 15 K.M. Stone, Indian Oil Petrol Pump Premises,
Etmadpur, Agra, Mob :- 9563906777, 9568504777